भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2850
जिसका उत्तर मंगलवार, 15 मार्च, 2016 को दिया जाना है

असम में पेपर मिल

2850. कुमारी सुष्मिता देव:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि असम में कछार पेपर मिल और नागांव पेपर मिल को बंद कर दिया गया है;
(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;
(ग) क्या सरकार ने इन मिलों को शुरू करने के लिए कोई कार्यशील पूंजी जारी की है; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री
(श्री जी. एम. सिद्धेश्वर)

(क): कछाड़ पेपर मिल (सीपीएम) में उत्पादन रुक गया है। हालांकि, नगांव पेपर मिल (एनपीएम) चालू है और वहां उत्पादन हो रहा है।

(ख): राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) द्वारा मेघालय राज्य, जहां से सीपीएम की 100% और एनपीएम की 60% कोयले की आवश्यकता पूरी हुआ करती है, में कोयले के खनन और परिवहन पर व्यापक प्रतिबंध लगाने के फलस्वरूप कोयले की अनुपलब्धता के कारण एचपीसी की दोनों इकाइयों सीपीएम और एनपीएम में उत्पादन प्रभावित हो रहा है।

(ग): जी, नहीं।

(घ): प्रश्न नहीं उठता।

******